अध्याय 2

एस्तेर का रानी बनना

अध्याय 2 का सम्बन्ध है कि एक अनाथ लड़की एस्तेर शक्तिशाली फारसी साम्राज्य की रानी कैसे बनी। यह बताता है कि कैसे उसके चचेरे भाई और पालक मोर्दकै ने उसकी सहायता से राजा क्षयर्ष की जान बचाई।

राजा को वशती को हटाने की योजना (2:1-4)

1इन बातों के बाद जब राजा क्षयर्ष का गुस्सा ठण्डा पड़ गया, तब उसने रानी वशती की, और जो काम उसने किया था, और जो उसके विषय में आज्ञा निकली थी उसकी भी सुधि ली। 2तब राजा के सेवक जो उसके टहलुए थे, कहने लगे, "राजा के लिये सुन्दर तथा युवा कुँवारियाँ ढूँढ़ी जाएँ। 3और राजा अपने राज्य के सब प्रान्तों में लोगों को इसलिये नियुक्त करे कि वे सब सुन्दर युवा कुँवारियों को शूशन गढ़ के रनवास में इकट्ठा करें और स्त्रियों के प्रबन्धक हेगे को जो राजा का खोजा था सौंप दें; और शुद्ध करने के योग्य वस्तुएँ उन्हें दी जाएँ। 4तब उनमें से जो कुँवारी राजा की दृष्टि में उत्तम ठहरे, वह रानी वशती के स्थान पर पटरानी बनाई जाए।" यह बात राजा को पसन्द आई और उसने ऐसा ही किया।

इस समय, जब राजा ने "वशती को स्मरण किया," उसके सेवक जो उसके टहलुए थे ने उसे उसके स्थान से हटाने के लिये एक प्रतियोगिता आयोजित करने की सलाह दी।

आयत 1. इन बातों के बाद यह एक अनिश्चित समय के बारे में बताता है। क्योंकि 2:16 कहता है कि एस्तेर को राजा क्षयर्ष के "सातवें वर्ष" (या लगभग 479 ई.पू.) में राजा के पास लाया गया था और 1:3 कहता है कि राजा ने अपने तीसरे वर्ष (लगभग 483 ई.पू.) के शासनकाल के रईसों के लिये भोज का आयोजन किया था, एस्तेर का राज सिंहासन तक पहुँचने के लगभग चार वर्ष बाद वशती को हटा दिया गया था। इसी बीच, यूनान को जीतने के लिये क्षयर्ष ने अपना अभियान शुरू किया था। 480 ई.पू. में, विशाल फ़ारसी ताकतों ने थर्मोपाइले (देश पर) और आर्तिमिसियम (समुद्र पर) में एक बहुत छोटी यूनानी सेना पर जय प्राप्त की। परन्तु, फारसी सलामिस (समुद्र पर) की लड़ाई में मार खाए थे। अगले वर्ष, 479 ई.पू. में, उन्हें प्लाटा (देश पर) में एक निर्णायक हार का सामना करना पड़ा

जिसने यूनान के उसके आक्रमण को समाप्त कर दिया। हेरोडोटस के अनुसार, क्षयर्ष ने स्त्रियों के सुख के साथ संकट के ऐसे समय में स्वयं को सांत्वना दिया।[1]

एस्तेर की पुस्तक के अनुसार, जब राजा का **गुस्सा ठण्डा पड़ गया, तब उसने वशती की, ... और जो उसके विषय में** आज्ञा निकली थी **उसकी भी सुधि ली।** इन शब्दों से ऐसा लगता है जैसे कि लेखक का आरोप है कि राजा ने अपनी पूर्व रानी के साथ गुस्से में जो किया था, उसके लिये पछतावा किया था।[2] परन्तु, एफ. बी. ह्यूए, जूनियर, ने तर्क दिया कि "यह अनिश्चित है कि क्या वह अब अपने बुरे कार्य पर पछतावा कर फिर से उसे स्थापित करना चाहता था पर उसे रोक दिया गया क्योंकि उसकी आज्ञा अटल थी (देखें दानिय्येल 6:14-15) या इसका तात्पर्य केवल इतना है कि उसके विचार अब रानी के विषय में उसे हटाने के लिये बदल गए थे।"[3] क्योंकि राजा ने एक ऐसी आज्ञा निकाली थी जिसे बदला नहीं जा सकता था (1:19), वह उसे उसके मुख्य स्थान पर पुनः स्थापित नहीं कर सका। इसलिये उसे एक प्रश्न का सामना करना पड़ा: "मैं रानी को हटाने के लिये क्या कर सकता हूँ?"

आयतें 2-4. जिस तरह उसके "हाकिमों" ने उसे सलाह दी थी जब क्षयर्ष स्वयं रानी से भाग रहा था (1:13-20), तो उसके **सेवक जो उसके टहलुए थे** ने अब उसे सलाह दी कि उसकी जगह लेने के लिये एक नई रानी को वह कैसे ढूँढ सकता था।[4] उन्होंने राज्य के सब प्रान्तों से **सुन्दर तथा युवा कुँवारियाँ** ढूँढे जाने का सुझाव दिया (2:2) जिन्हें **शूशन** में राजा के महल में लाया जाएगा।[5] एक बार जब उन्हें **रनवास में** शामिल किए जाने पर, **शुद्ध करने के योग्य वस्तुएँ** उन्हें दी गई, श्रृंगार किया गया, उनकी उचित देखभाल की गई और राजा की प्रसन्नता के लिये तैयार किया गया (2:3)। तब राजा को उन युवतियों में से एक को अपनी **रानी** (2:4) के रूप में **वशती के स्थान** पर चुनना था। क्षयर्ष ने सेवक जो उसके टहलुए थे की सलाह को स्वीकार कर लिया क्योंकि उसने वशती को हटाने की योजना बनाई थी। उसे अपने सेवक टहलुओं के सुझाव **पसन्द आए** और **उसने ऐसा ही किया**; उसने आदेश दिया कि उनके सुझाव पर अमल किया जाए (2:4)।

लेखक ने इस योजना की नैतिकता (या अनैतिकता) पर टिप्पणी नहीं की। कुछ लोगों ने इस का जोरदार विरोध किया है। वे मानते हैं कि लड़कियों को जबरन उनके घरों से ले जाया जाता था और राजा के द्वारा बलात्कार किया जाता था। फिर वे अपने बाकी दिनों के लिये राजा के रनवास में रहने के लिये विवश होते थे।[6]

परन्तु यह हो सकता है कि राजा ने "सुन्दर युवा कुँवारियों" में से कुछ को बलात्कार के समान माना था, और वे राजा रनवास में दासता के रूप में रहने का विचार कर सकते थे, यह भी सम्भव है कि कई साम्राज्य के सेविका युवतियों ने राजा के महल में विलासिता में रहने के अवसर का स्वागत किया होगा, भले ही इसके लिये उन्हें राजा की यौन इच्छाओं को पूरा करना पड़े। इसकी सम्भावना सबसे कम लगती है कि राज्य की कई युवा स्त्रियों को प्रतियोगिता में भाग लेने के लिये मजबूर होने की आवश्यकता नहीं रही होगी।

निश्चित रूप से, योजना का कोई भी भाग परमेश्वर के नियम अर्थात् पुराने नियम या नए नियम के साथ मेल नहीं खाता।[7] परन्तु, योजना में शामिल अधिकांश लोग अन्यजाति के थे, और पाठ में चित्रित प्रथाओं की उस संस्कृति में पाए जाने की सम्भावना सबसे अधिक थी। हम यह तर्क दे सकते हैं कि इस तरह की प्रथाएँ बिना परमेश्वर के समाज की निम्न मानकों को दर्शाती हैं (देखें रोमियों 1:18-32),[8] परन्तु हमें उन पर आश्चर्य नहीं करना चाहिए।

एस्तेर का उस प्रतियोगिता में प्रवेश (2:5-14)

कहानी में इस बिंदु पर, अन्य मुख्य पात्रों को पेश किया जाता है क्योंकि कहानी आगे बढ़ती जाती है।

एस्तेर का परिचय (2:5-7)

5शूशन गढ़ में मोर्दकै नामक एक यहूदी रहता था, जो कीश नाम के एक बिन्यामीनी का परपोता, शिमी का पोता, और याईर का पुत्र था। 6वह उन बन्दियों के साथ यरूशलेम से बँधुआई में गया था, जिन्हें बेबीलोन का राजा नबूकदनेस्सर, यहूदा के राजा यकोन्याह के संग बन्दी बना करके ले गया था। 7उसने हदस्सा नामक अपनी चचेरी बहिन को, जो एस्तेर भी कहलाती थी, पाला-पोसा था; क्योंकि उसके माता-पिता कोई न थे, और वह लड़की सुन्दर और रूपवती थी, और जब उसके माता-पिता मर गए, तब मोर्दकै ने उसको अपनी बेटी करके पाला।

आयतें 5, 6. सबसे पहले, लेखक ने **मोर्दकै** नामक **शूशन गढ़** में रहने वाले **एक यहूदी** का परिचय दिया। वह **कीश** का परपोता था।[9] "कीश" एक **बिन्यामीनी** था जिसे **नबूकदनेस्सर** ने बेबीलोन में बन्दी बना करके ले गया था, उसी समय **यहूदा के राजा यकोन्याह** को **बन्दी बना करके** ले जाया गया था। "यकोन्याह" यहोयाचिन का एक दूसरा नाम है, जिसे 597 ई.पू. में नबूकदनेस्सर द्वारा बेबीलोन की बँधुआई में लाया गया था (2 राजा. 24:8-17)।

कुछ लोगों का मानना है कि आयत 6 कहता है कि मोर्दकै स्वयं को यहोयाचिन के समय बन्दी बनाकर लाया गया था, जो एस्तेर की घटनाओं के समय उसे एक सौ वर्ष से अधिक पुराना बना दिया था (और एस्तेर को कम से कम साठ या सत्तर के दशक में बनाया होगा)। सी. एफ. काइल ने इस प्रस्ताव को अस्वीकार करते हुए इन शब्दों को कहा **बन्दी बना करके ले गया था** जो मोर्दकै को केवल इसलिये जोड़ता है कि "वह उन यहूदियों से सम्बन्ध रखता था जिन्हें नबूकदनेस्सर ने यकोन्याह के संग बन्दी बना करके बेबीलोन ले गया था, क्योंकि वह बँधुआई में पैदा हुआ, इसलिये अपने पूर्वजों के संग बेबीलोन को ले जाया गया।"[10] यद्यपि, इसकी अधिक सम्भावना है कि "बँधुआई में ले गये" का संदर्भ केवल कीश का वर्णन करता है।

यह तथ्य कि यहोयाचिन के साथ मोर्दकै के पूर्वजों को बन्दी बना लिया गया

था, इस बात पर जोर देता है कि वह एक प्रमुख परिवार से था (देखें 2 राजा. 24:12, 14-16)।[11] मोर्दकै स्वयं बँधुआई में पैदा हुआ था, और उसका बेबीलोन के देवताओं के प्रमुख मार्दुक से लिया गया है (देखें यिर्म. 50:2)।[12] ऐसा प्रतीत होता है कि उसका एक यहूदी नाम भी हो सकता है, जैसा कि एस्तेर को दिया गया था (और जैसा कि बेबीलोन में दानिय्येल और उसके यहूदी मित्रों को दिया गया था; दानिय्येल 1:6, 7); परन्तु लेखक ने इसका उल्लेख नहीं किया है।

आयत 7. इसके बाद, लेखक ने यहूदी लड़की **एस्तेर** का परिचय दिया। "एस्तेर" नाम का अर्थ "सितारा" है और संभवतः एक फारसी शब्द से लिया गया है। पाठक को एस्तेर के बारे में कई तथ्यों की जानकारी दी जाती है। (1) वह **हदस्सा** के नाम से भी जानी जाती थी, जिसके इब्रानी शब्द का अर्थ "हिना या मेंहदी" है।[13] (2) वह एक अनाथ थी; **उसके माता-पिता कोई न थे**, क्योंकि वे मर चुके थे।[14] उसके चचेरे भाई **मोर्दकै** ने उसे **अपनी बेटी** के रूप में पाला था। (3) वह **सुन्दर और रूपवती** थी। "सुन्दर और रूपवती" का शाब्दिक अर्थ है दिखने में सुन्दर। एक अन्य संस्करण बताता है कि वह "एक डीलडौल में अच्छी और देखने में सुन्दर थी।"

एस्तेर की प्रतियोगिता के लिये तैयारी (2:8-11)

8जब राजा की आज्ञा और नियम सुनाए गए, और बहुत सी युवतियाँ, शूशन गढ़ में हेगे के अधिकार में इकट्ठी की गईं, तब एस्तेर भी राजभवन में स्त्रियों के प्रबन्धक हेगे के अधिकार में सौंपी गई। 9वह युवती उसकी दृष्टि में अच्छी लगी; और वह उससे प्रसन्न हुआ, तब उसने बिना विलम्ब उसे राजभवन में से शुद्ध करने की वस्तुएँ, और उसका भोजन, और उसके लिये चुनी हुई सात सहेलियाँ भी दीं, और उसको और उसकी सहेलियों को रनवास में सबसे अच्छा रहने का स्थान दिया। 10एस्तेर ने न अपनी जाति बताई थी, न अपना कुल, क्योंकि मोर्दकै ने उसको आज्ञा दी थी कि उसे न बताना। 11मोर्दकै प्रतिदिन रनवास के आँगन के सामने टहलता था ताकि जाने की एस्तेर कैसी है और उसके साथ क्या होगा?

कहानी यह बताती है कि यह "रूपवती और सुन्दर" युवती रानी बनने वाली उम्मीदवारों में से एक बन गई।

आयत 8. एस्तेर सिर्फ **बहुत सी युवतियों** में से एक थी, जिन्हें रानी वशती की जगह लेने के लिये एक प्रतियोगिता में भाग लेने के लिये **शुशन** में **राजभवन** में ले जाया गया था (शाब्दिक रूप से, उसके "घर")। कुछ टिप्पणीकारों का कहना है कि एस्तेर और अन्य स्त्रियों को इस प्रक्रिया में भाग लेने के लिये विवश किया गया था। जबकि यह सच हो सकता है, किसी को यह याद रखना चाहिए कि लेखक का उद्देश्य नैतिकता के बारे में सबक सिखाना नहीं था, और न ही युवा स्त्रियों को हर एक बात में एस्तेर के उदाहरण का पालन करने के लिये प्रोत्साहित करना था। वह केवल घटनाओं से सम्बन्धित था और इस तरह से व्याख्या कर रहा था कि कैसे परमेश्वर मनुष्यों के माध्यम से काम करके अपने उद्देश्यों को पूरा कर सकता है -

यहाँ तक कि पापी, गलती-करनेवाला, पतित मानवजाति के द्वारा। क्योंकि लेखक ने बताया कि उसकी मंजूरी या अस्वीकृति का संकेत दिए बिना क्या हुआ, इसलिये मसीही व्याख्याकर्ताओं को एस्तेर के प्रतीत होने वाले संदेहास्पद व्यवहार का बहाना करने के लिये बाध्य नहीं होना चाहिए।

आयत 9. तुरन्त, एस्तेर ने हेगे का जो "राजा का खोजा" (2:3) था पक्ष लिया। यह पुरुष "स्त्रियों का प्रबन्धक" था (2:8); दूसरे शब्दों में, वह राजा के रनवास का प्रबन्धक था। हेगे ने **शुद्ध करने की वस्तुएँ और भोजन** (सचमुच, "भाग") प्रदान करने में एस्तेर के साथ पक्षपात दिखाया। प्रायोगिक रूप से यह लगता है कि उसने एस्तेर को अन्य लड़कियों की तुलना में अधिक शुद्ध करने की वस्तुएँ और भोजन दिया। इसके अलावा, उसने उसकी देखभाल करने के लिये **चुनी हुई सात सहेलियाँ** भी नियुक्त किए और इन सेवा टहल करनेवाले के साथ उसको **रनवास में सबसे अच्छा रहने का स्थान दिया**। घटनाओं के इस अनुक्रम के माध्यम से, यहूदी अनाथ को हेगे की देखभाल के तहत स्त्रियों के बीच सबसे अच्छा रहने का स्थान दिया गया था। इस अन्यजाति सेवक द्वारा उसे दी गई सहायता एस्तेर के लिये मुकुट जीतने में अमूल्य साबित हुई।

आयत 10. यद्यपि **मोर्दकै** ने **एस्तेर** को राजा के रनवास में ले जाने की अनुमति दी (चाहे उसके पास कोई विकल्प था या नहीं), उसने उसपर अपना प्रभाव बनाए रखने और उसकी देखभाल करने के लिये अपना पूरा प्रयास जारी रखा। जो निर्देश उसने उसे दिए, उनमें से एक यह था कि वह प्रगट न करे कि वह एक यहूदी है। मोर्दकै ने क्यों सोचा कि एस्तेर के लिये अपने यहूदी होने को प्रगट करना गलत विचार था, वह नहीं बताया गया है। कम से कम यह कह सकते हैं कि, यह तथ्य इस विचार का परिचय देता है कि यहूदियों को किसी तरह से नकारात्मक रूप से देखा जाता था और जो यहूदी होता था वह किसी भी तरह से हानि में होता था। इस तरह, कहानी के आरंभ में यहूदी-विरोधी विषय का संकेत दिया गया है।

एस्तेर ने आज्ञाकारी रूप से मोर्दकै के सलाह का पालन किया। ऐसा करने से, वह स्पष्ट रूप से दानिय्येल और उसके तीन मित्रों से अलग कहलाई, जिन्होंने एक परदेश में भी यहूदी रीति नियमों का पालन अपनी विश्वासयोग्यता के साथ जारी रखा। अपने उचित खानपान (दानिय्येल 1:8-16) को बनाए रखने के लिये उन्होंने "राजा की पसंद का भोजन" को सम्मानपूर्वक अस्वीकार कर दिया और सागपात खाने लगे। लेखक ने एस्तेर के शुशन में महल में इस तरह के रीतियों का पालन न करने पर कोई टिप्पणी नहीं की है।

आयत 11. मोर्दकै निरन्तर **रनवास के आँगन** के आस पास रहकर **एस्तेर** पर ध्यान रखा करता **था**। तथ्य यह है कि मोर्दकै का इस तरह से अपना समय बिताने में सक्षम होना यह बताता है कि वह शुशन में यहूदी समुदाय का एक प्रमुख सदस्य था। कुछ लोग सोचते हैं कि "राजभवन के फाटक में" (2:19, 21; 3:2, 3; 5:9, 13; 6:10, 12) उसका बैठना से आशय है कि वह एक शासकीय अधिकारी था।

प्रतियोगिता के नियम (2:12-14)

[12]जब एक एक कन्या की बारी आई, कि वह क्षयर्ष राजा के पास जाए - और यह उस समय हुआ जब उसके साथ स्त्रियों के लिये ठहराए हुए नियम के अनुसार बारह माह तक व्यवहार किया गया था; अर्थात् उनके शुद्ध करने के दिन इस रीति से बीत गए, कि छ: माह तक गन्धरस का तेल लगाया जाता था, और छ: माह तक सुगन्धद्रव्य, और स्त्रियों के शुद्ध करने का अन्य सामान लगाया जाता था - [13]इस प्रकार से वह कन्या जब राजा के पास जाती थी, तब जो कुछ वह चाहती कि रनवास से राजभवन में ले जाए, वह उसको दिया जाता था। [14]साँझ को तो वह जाती थी और सबेरे को वह लौटकर रनवास के दूसरे घर में जाकर रखेलियों के प्रबन्धक राजा के खोजे शाशगज के अधिकार में हो जाती थी, और राजा के पास फिर नहीं जाती थी। यदि राजा उससे प्रसन्न हो जाता था, तब वह नाम लेकर बुलाई जाती थी।

एस्तेर को राजभवन में ले जाने के परिणामों को बताने से पहले, लेखक ने बताया कि प्रतियोगिता कैसे आयोजित की गई थी।

आयतें 12, 13. नियमों के अनुसार, प्रत्येक कन्या को **उनके शुद्ध करने के दिन की** प्रक्रिया में **बारह माह** बिताने होते थे, **राजा के** साथ उसकी रात के लिये तैयार की जाती थी। उसे **छ: माह** तक **गन्धरस का तेल** लगाया गया और फिर बाकी छ: माह तक **सुगन्धद्रव्य,** और **शुद्ध करने का अन्य सामान** लगाया गया। फिर, जब समय आया, राजा के पास जाते समय जो कुछ वह चाहती अपने साथ ले गई जो उसने **रनवास से** चुना था।

आयत 14. कन्या **साँझ को** राजा के कक्ष में जाती थी, और **सबेरे** को वह **रनवास के दूसरे घर** में भेज दी जाती थी। इस समूह में उन स्त्रियों को शामिल किया जाता था जिनके राजा के साथ पहले से ही यौन सम्बन्ध होते थे; वे राजा की **रखेलियाँ** मानी जाती थीं। जबकि युवा कुँवारियों का पहला रनवास हेगे (2:8) की देखरेख में था, "दूसरे रनवास" **शाशगज** के अधिकार में दिया जाता था, जो कि एक दूसरा **खोजा** था।

कन्या का रखेली बन जाने के बाद, वह बिना निमंत्रण के **राजा के पास** नहीं लौट सकती थी। यदि वह **उससे प्रसन्न हो जाता था** और (वह) **नाम लेकर बुलाई जाती थी,** तभी वह आ सकती थी। उस समय वे राजभवन की सुविधाओं का लाभ उठाती रहीं, "वे अपनी अपनी मृत्यु के दिन तक विधवापन की सी दशा में जीवित रहीं" (देखें 2 शमूएल 20:3)।"[15]

जबकि इस प्रतियोगिता को हम कभी-कभी सौंदर्य प्रतियोगिता के रूप में मानते हैं, परन्तु यह स्पष्ट रूप से इससे कहीं अधिक था। राजा के साथ रात भर रहने के आधार पर कन्याओं का मूल्यांकन किया जाता था। एस्तेर की कहानी को स्पष्ट रूप से यह बताने के लिये नहीं कहा गया था कि ईश्वर का भय मानने वाली लड़कियों को एस्तेर के उदाहरण का अनुसरण करते हुए एक राजा (या किसी और)

को प्रसन्न करने के लिये अनैतिक रूप से काम करें।

एस्तेर को रानी बनाने के लिये राजा का चुनाव (2:15-18)

15जब मोर्दकै के चाचा अबीहैल की बेटी एस्तेर, जिसको मोर्दकै ने बेटी मानकर रखा था, उसकी बारी आई कि राजा के पास जाए, तब जो कुछ स्त्रियों के प्रबन्धक राजा के खोजे हेगे ने उसके लिये ठहराया था, उससे अधिक उसने और कुछ न माँगा। जितनों ने एस्तेर को देखा, वे सब उससे प्रसन्न हुए। 16यों एस्तेर राजभवन में राजा क्षयर्ष के पास उसके राज्य के सातवें वर्ष के तेबेत नामक दसवें महीने में पहुँचाई गई। 17राजा ने एस्तेर को और सब स्त्रियों से अधिक प्यार किया, और अन्य सब कुँवारियों से अधिक उसके अनुग्रह और कृपा की दृष्टि उसी पर हुई, इस कारण उसने उसके सिर पर राजमुकुट रखा और उसको वशती के स्थान पर पटरानी बनाया। 18तब राजा ने अपने सब हाकिमों और कर्मचारियों को एक बड़ा भोज दिया, और उसे एस्तेर का भोज कहा; और प्रान्तों में छुट्टी दिलाई, और अपनी उदारता के योग्य इनाम भी बाँटे।

प्रतियोगियों के प्रभारी राजा के खोजा की विशेष सहायता से एस्तेर ने प्रतियोगिता जीती और साम्राज्य की रानी बन गई!

आयत 15. जब उसकी **बारी आई कि राजा के पास जाए**, **एस्तेर** ने **राजा के खोजे हेगे** की सलाह का ध्यानपूर्वक पालन किया। स्पष्ट है, वह जानता था कि राजा को क्या पसन्द था। हेगे की स्वीकृति (2:8, 9) प्राप्त करने के अलावा, **जितनों ने** एस्तेर **को देखा, वे सब उससे प्रसन्न हुए।** यह न केवल उसकी सुन्दरता, बल्कि उसके विजयी व्यक्तित्व के लिये भी एक सम्मान रहा

आयत 16. उस स्मरण योग्य रात की तिथि दी गई है: यह **उसके राज्य के सातवें वर्ष के तेबेत नामक दसवें महीने में** था। यह या तो 479 ई.पू. का दिसम्बर था या जनवरी 478 ई.पू. था। यहूदियों के लिये, यह एक ऐतिहासिक अवसर था, एस्तेर के विजयी होने की शुरुआत फारस के सिंहासन पर बैठाई गई।

आयत 17. एस्तेर ने राजा का मन जीत लिया। उसने (उसे) **और सब स्त्रियों से अधिक प्यार किया**, और इसलिये उसने प्रतियोगिता में किसी भी अन्य **कुँवारियों** से अधिक **कृपा की दृष्टि** उसी पर दिखाई। उसने **उसके सिर पर राजमुकुट** रखा **और उसको** वशती के स्थान पर **पटरानी बनाया।**

आयत 18. इसके अलावा, **राजा ने** एस्तेर के सिंहासन पर बैठने का उत्सव मनाने के लिये **एक बड़ा भोज दिया**, उत्सव के इस भाग में **प्रान्तों में छुट्टी** की घोषणा की, और लोगों को अपनी प्रसन्नता व्यक्त करने के लिये **इनाम भी बाँटे।** इब्रानी शब्द (הֲנָחָה, *हनाचाह*) का अनुवाद "छुट्टी" केवल पुराने नियम में एक बार दिखाई देता है, और इसका अर्थ विवादास्पद है। यह शब्द "विश्राम" को निरूपित कर सकता है, परन्तु इसे LXX में इसका अनुवाद "स्वतन्त्र करना" (ἄφεσις, *अफेसिस*) किया गया है। कई संस्करण *हनाचाह* को "छुट्टी" को सूचित करने के लिये

समझते हैं, फिर भी अन्य लोग इसका अर्थ “करों की छूट” मानते हैं। बाद के प्रतिपादन के बारे में, हेरोडोटस ने एक पूर्व फारसी शासक के बारे में लिखा, जिसने अपनी प्रजा को सम्मान देने और कुछ समय के लिये अनिवार्य सैन्य सेवा करने से मुक्त कर दिया।[16]

कहानी के विषय ने विकास के अपने पहले चरण को पूरा कर लिया है: रानी के रूप में, एस्तेर अब लोगों को बचाने की स्थिति में थी जब उन्हें भगाने की धमकी दी गई थी। कोई भी पाठक उसके बड़े भाग्य से, किन्तु असम्भावित संयोगों से भी, जिसने इस अनाथ लड़की को सिंहासन तक पहुँचाया चकित हो सकता है। परन्तु, अधिक बाइबल प्रतिक्रिया परिस्थितियों में परमेश्वर के मार्गदर्शक हाथ को देखना है, जो अपने उद्देश्यों को पूरा करने के लिये हर तरीके से काम कर रहा था। अलेक्जेंडर कार्सन ने इसे इस तरह रखा:

> क्या कोई मनुष्य इतना अंधा है कि यह न समझ सके कि यह पूरी तरह से एक उपाय है कि एक बन्दी यहूदियों की छोटी संख्या में कोई एक सौ सत्ताईस प्रान्तों के सभी कुँवारियों की तुलना में अधिक सुन्दर पाया जाए? क्या कोई प्रश्न कर सकता है कि परमेश्वर ने उसे उस अवसर से अति उत्तम प्रेम को दिया है?[17]

मोर्दकै राजा के प्राण बचाता है (2:19-23)

19जब कुँवारियाँ दूसरी बार इकट्ठा की गईं, तब मोर्दकै राजभवन के फाटक में बैठा था। 20एस्तेर ने अपनी जाति और कुल का पता नहीं दिया था, क्योंकि मोर्दकै ने उसको ऐसी आज्ञा दी थी कि न बताए; और एस्तेर मोर्दकै की बात ऐसी मानती थी जैसे कि उसके यहाँ अपने पालन पोषण के समय मानती थी। 21उन्हीं दिनों में जब मोर्दकै राजा के राजभवन के फाटक में बैठा करता था, तब राजा के खोजे जो द्वारपाल भी थे, उनमें से बिकतान और तेरेश नामक दो जनों ने राजा क्षयर्ष से रूठकर उस पर हाथ चलाने की युक्ति की। 22यह बात मोर्दकै को मालूम हुई, और उसने एस्तेर रानी को यह बात बताई, और एस्तेर ने मोर्दकै का नाम लेकर राजा को चितौनी दी। 23तब जाँच पड़ताल होने पर यह बात सच निकली और वे दोनों वृक्ष पर लटका दिए गए, और यह वृत्तान्त राजा के सामने इतिहास की पुस्तक में लिख लिया गया।

अध्याय के अन्तिम दो पैराग्राफ में, पाठक को पता चलता है कि एस्तेर ने राजा को कुछ बातों के बारे में कुछ नहीं बताया और राजा को अब उसने कुछ बताया। जो हो रहा है घटनाओं में दोनों तथ्य महत्वपूर्ण हैं।

आयत 19. दूसरी बार को कई तरीकों से समझाया गया है। माइकल वी. फॉक्स ने सोचा कि सबसे अच्छी व्याख्या यह है कि अनुच्छेद **कुँवारियों** को “रनवास के दूसरे घर” में इकट्ठा करने की बात कर रहा है।[18] इस तरह की व्याख्या से समझ में आता है, क्योंकि एस्तेर की रानी के रूप में नियुक्ति का अर्थ प्रतियोगिता

का अन्त होना चाहिए। शायद विचार यह है कि कोई भी उम्मीदवार जो अभी तक दूसरे रनवास में नहीं ले जाया गया था, इसलिये राजा के साथ अपनी रात बिताए बिना उस रनवास में चली जाएँगी।

इस समय के अन्तराल, **मोर्दकै** राजभवन के बाहर **राजभवन के फाटक में बैठा करता था**।[19] 2:11 के अनुसार, वह अपनी बेटी जिसे उसने पाला-पोसा था जितना सम्भव हो उतना समय निकट रहने का और प्रयास करता था उसके बारे में "जानने को एस्तेर कैसी थी और उसके साथ क्या होगा।"

आयत 20. यहाँ लेखक ने कुछ जानकारी डाली जो बाद में कहानी में महत्वपूर्ण है: **एस्तेर** ने क्षयर्ष को यह नहीं बताया कि वह एक यहूदी थी (देखें 2:10)। उसने एस्तेर की प्रशंसा की, क्योंकि उसके अन्य गुणों में, उसने हमेशा अपने चचेरे भाई और दत्तक पिता **मोर्दकै** के लिये एक आज्ञाकारी बेटी के रूप में कार्य किया।

आयत 21. जब वह **राजभवन के फाटक पर बैठा करता** था, तो **मोर्दकै** ने दो द्वारपालों की बात सुनी - राजा पर **हाथ चलाने की युक्ति** - हत्या करने की। प्राचीन निकट पूर्व में राजाओं की हत्या असामान्य नहीं थी। वास्तव में, अन्ततः राजा एक ऐसे ही षड्यन्त्र का शिकार हो गया, जब, "465 की समाप्ति पर क्षयर्ष की हत्या उसके शयनकक्ष में कर दी गई।"[20]

आयतें 22, 23. मोर्दकै ने **एस्तेर रानी को** यह **बात** बताई, और उसने यह जानकारी **मोर्दकै का नाम लेकर राजा** को दी। परिणामस्वरूप, दोनों हत्यारों को **वृक्ष पर लटका** दिया गया (देखें 5:14 पर टिप्पणियाँ), और मोर्दकै के इस अच्छे काम को राज्य के **इतिहास की पुस्तक** में लिख लिया गया।।[21]

यह घटना वृत्तान्त के प्रारम्भिक बिंदु से एक अलग विषय प्रतीत होता है। जो बाकी की कहानी नहीं जानता है इसे वह रुचिकर लग सकता है पर आश्चर्य है कि इसे क्यों शामिल किया गया है। परन्तु, ये घटनाएँ बहुत महत्वपूर्ण हैं, और वे कहानी के अन्त को पहले से सूचित करती हैं। क्योंकि मोर्दकै (संयोगवश) ने इस युक्ति को सुना, दो बुरे लोगों को फाँसी पर लटका दिया गया। इस समय, राजा को बचा लिया गया और इस घटना को लिख लिया गया। बाद में, मोर्दकै के साहसी कार्य को अनजाने में राजा के ध्यान में लाया गया, जिसके परिणामस्वरूप एक और दुष्ट मनुष्य को फाँसी पर लटका दिया गया।

अनुप्रयोग

एस्तेर, उदाहरण के रूप में (अध्याय 2)

एस्तेर पुराने नियम के उल्लेखनीय पात्रों में से एक है। उसके और उसके पति, फारस के राजा क्षयर्ष के हस्तक्षेप के कारण यहूदी, लगभग 480 ई.पू. में, संहार से बच गए। क्योंकि "जितनी बातें पहिले से लिखी गईं, वे हमारी ही शिक्षा के लिये लिखी गईं" (रोमियों 15:4; KJV), इसलिए हमारा यह विचार है कि परमेश्वर का उद्देश्य था कि एस्तेर लोगों के लिए एक उदाहरण का कार्य करे - विशेषतः

स्त्रियों के लिए - बाद के वर्षों में। क्या एस्तेर मसीही महिलाओं के लिए एक अच्छा उदाहरण थी? यदि हाँ, तो कैसे?

इससे पहले कि हम इस पर ध्यान करें कि एस्तेर किस प्रकार से अच्छे उदाहरण का कार्य कर सकती है, हमें एक महत्वपूर्ण बिंदु पर ध्यान करना होगा: एस्तेर की पुस्तक लिखे जाने का प्राथमिक उद्देश्य हमें एस्तेर की कहानी के द्वारा नैतिक शिक्षाएँ देने का नहीं था। पुराने नियम की अन्य ऐतिहासिक पुस्तकों के समान, इस पुस्तक का उद्देश्य हमें परमेश्वर और उसके लोगों तथा उद्धार की उसकी योजना के विषय कुछ बताने का था। अवश्य ही यह इतिहास को बताती है, परन्तु जिस इतिहास को यह बताती है वह "उद्धार का इतिहास" है।

क्योंकि पुस्तक का उद्देश्य नैतिकता की शिक्षा देना नहीं था, इसलिए हमें हर बात के लिए एस्तेर का बचाव करने और यह प्रमाणित करने का प्रयास करने की आवश्यकता नहीं है कि उसने जो कुछ भी किया वह सब का सब प्रशंसनीय था। एस्तेर ने एक प्रकार की सुन्दरता प्रतियोगिता में भाग लिया था और उससे वह फारस के साम्राज्य की रानी बनी, परन्तु इससे यह प्रमाणित नहीं होता है कि आज मसीही लड़कियों या स्त्रियों के लिए सुंदरता प्रतियोगिताओं में भाग लेना या ताज पाने के लिए जो कुछ एस्तेर ने किया वह सब करना बुद्धिमता है। अन्य बातों में भी, एस्तेर द्वारा किए गए कार्यों की प्रशंसा करने के स्थान पर उन कार्यों के लिए प्रश्न उठाना अधिक उचित होगा।

फिर भी, एस्तेर ने कुछ उत्तम गुणों को प्रदर्शित किया, जिनका अनुसरण करना मसीही स्त्रियों (तथा पुरुषों) के लिए भला होगा।

उसकी विश्वासयोग्यता। एस्तेर ने अपने परिवार तथा अपने लोगों के प्रति विश्वासयोग्यता को दिखाया। लेखक ने उसके पिता समान चचेरे भाई, मोर्दकै (2:10, 20) के प्रति उसकी आज्ञाकारिता पर बल दिया। वृत्तान्त बताता है कि एस्तेर यहूदियों के प्रति इतनी निष्ठावान थी कि उनके प्राणों की रक्षा करने के लिए वह राजा के पास बिना आमंत्रण के चली गई, यद्यपि ऐसा करना खतरनाक था।

ऐसी विश्वासयोग्यता, आज्ञाकारिता, और निष्ठा की आज आवश्यकता है। बच्चों को माता-पिता का आज्ञाकारी होना है, और मसीहियों को शासन करने वाले अधिकारियों के अधीन रहना है तथा जो प्रभु की कलीसिया की अगुवाई करते हैं उनका आदर करना है।

संभवतः इससे भी अधिक, परमेश्वर के प्रति, मसीह के प्रति, और कलीसिया के प्रति निष्ठा रखने की आवश्यकता है। बहुतेरे ऐसे हैं जो अपने राजनैतिक दलों, समुदायों, सामाजिक समूहों, विद्यालयों, और क्रीड़ा-दलों के प्रति तो निष्ठावान रहते हैं, परन्तु वे मंडलियों के साथ अपने संबंध को बहुत हल्का रखते हैं। हमें आज समुदाय के रूप में एक ऐसी भावना की आवश्यकता है जो हमें कलीसिया के प्रति निष्ठावान होने के लिए प्रोत्साहित कर सके। जब हम ऐसी निष्ठा को अनुभव करेंगे, तो हम कलीसिया को बनाने और सुरक्षित रखने के लिए, कलीसिया के अन्य सदस्यों की भलाई के लिए, और कलीसिया की बढ़ोतरी के लिए यथासंभव प्रयास करेंगे। यदि एस्तेर और यहूदी शारीरिक इस्राएल के प्रति इतने चिंतित और

निष्ठावान हो सकते थे, तो अवश्य ही आत्मिक इस्राएल के प्रति अपनी सेवकाई के प्रति हमें अवश्य ही दृढ़ होना चाहिए।

उसका साहस। एस्तेर के द्वारा प्रदर्शित दूसरा गुण था साहस। जब मोर्दकै ने उससे यहूदियों के पक्ष में राजा के समक्ष हस्तक्षेप करने के लिए कहा, तो उसने बताया कि बिना बुलाए राजा के पास जाने से उसके प्राणों को खतरा हो सकता है। मोर्दकै ने वह करने के लिए जो वह चाहता था उसे उकसाया, और परिणामस्वरूप वह साहसी हुई और राजा क्षयर्ष के समक्ष उपस्थित हो गई, इसकी चिन्ता किए बिना कि उसका स्वागत होगा या उसे मरवा दिया जाएगा (4:1-17)। ऐसा साहस पुरुषों अथवा स्त्रियों में दुर्लभ होता है।

आज मसीहियों को भी साहसी होना है। मसीही जीवन जीना सदा ही सहज नहीं होता है। पृथ्वी के अधिकांश लोग प्रभु के स्थान पर शैतान ही की सेवा करते रहेंगे। मसीहियों को सदा ही अपमानित और प्रताड़ित किया जाएगा। परीक्षाएं सदा ही आती रहेंगी और उन पर जयवंत होना सदा ही कठिन होगा। तिरस्कार के होते हुए भी, उपहास और सताव के होते हुए भी, और प्रबल प्रलोभनों के होते हुए भी, कोई निष्ठावान कैसे रह सकता है? निष्ठावान रहने के लिए, मसीहियों में अपनी आस्था के प्रति दिलेरी होनी चाहिए। आरंभिक मसीहियों ने बहुत दिलेरी दिखाई। वे निष्ठावान रहने के लिए दृढ़-निश्चय थे, चाहे इसका अर्थ उनका विश्वास के लिए मर जाना ही क्यों न हो (प्रका. 2:10)। हमें भी यही करने के लिए तैयार रहना चाहिए।

उसकी बुद्धिमता। एस्तेर ने हामान, तथा यहूदियों के लिए निर्धारित संहार के प्रति अपने व्यवहार में बुद्धिमता दिखाई। राजा को और हामान को लगातार दो रातों तक भोज पर आमंत्रित करके, और फिर राजा के सामने हामान की घातक योजना को प्रकट करके उसने चतुराई से अपने उद्देश्यों की पूर्ति कर ली। बाद में भी, उसने राजा और साम्राज्य के प्रति बुद्धिमता से व्यवहार किया जिससे कि मोर्दकै की तरक्की हो। उसने वह भी किया जो यहूदियों को उनके शत्रुओं से बचाने और उनकी समृद्धि के लिए आवश्यक था।

परमेश्वर चाहता है कि उसके लोग निष्ठावान हों और उस पर निर्भर रहें, परन्तु वह यह नहीं चाहता है कि हम मूर्ख हों। नीतिवचन की संपूर्ण पुस्तक में वह हम से बुद्धिमान होने का आग्रह करता है। हमें सदा परमेश्वर की इच्छा के अनुसार करने का प्रयास करना चाहिए, और उसके राज्य के लिए भला करना चाहिए, परन्तु हमें परमेश्वर के कार्य को जितना संभव हो उतनी बुद्धिमता से भी करना चाहिए (देखें 1 कुरि. 3:10; कुलु. 4:6)।

एस्तेर की बुद्धिमानी का एक भाग था उसके द्वारा अपने गुणों का बुद्धिमानी से प्रयोग करना। प्रतीत होता है कि वह दोनों, सुन्दर और चित्ताकर्षक थी। यद्यपि मसीही लड़कियों को सुंदरता प्रतियोगिताओं में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित नहीं करना चाहिए - प्रत्येक मसीही को - पुरुष हो या स्त्री - अपने गुणों को विकसित करना चाहिए कि उन्हें परमेश्वर की सेवा में प्रयोग किया जा सके। कोई चाहे बुद्धिमान, आकर्षक, खेल-कूद में, या संगीत में निपुण हो, उसे सीखना चाहिए कि

वह अपने गुणों का परमेश्वर की महिमा तथा औरों की सेवा के लिए कैसे प्रयोग कर सकता है।

उसका परमेश्वर की इच्छानुसार उपयोग किए जाने के लिए तैयार होना। संभवतः एस्तेर का सर्वाधिक प्रशंसनीय गुण था उसका तैयार होना कि परमेश्वर अपनी इच्छानुसार उसे उपयोग करे। मोर्दकै ने "क्या जाने तुझे ऐसे ही कठिन समय के लिये राजपद मिल गया हो?" (4:14) कहकर उससे आग्रह किया कि वह राजा के पास जाए। एस्तेर ने मौर्दकै की चुनौती को स्वीकार किया, इस विश्वास के साथ कि परमेश्वर ने उसे अपनी इच्छानुसार राजपद दिया है जिससे वह उसके लोगों को बचाने में भूमिका निभा सके।

हमें उसके उदाहरण का अनुसरण करना चाहिए। हमारे काम, अवसर, या शौक जो भी हों, हमें अपने आप से पूछना चाहिए, "क्या मैं राज्य में ऐसे समय के लिए आया हूँ? क्या परमेश्वर ने मुझे इस पद पर उसके लिए कुछ कर पाने के लिए रखा है? क्या मैं उसके कार्य के लिए उपयोग किए जाने के लिए तैयार हूँ?" हमें इस आशा और विश्वास के साथ जीवन जीना चाहिए कि परमेश्वर अपनी इच्छा पूरी करने के लिए हमारा उपयोग कर रहा है (देखें रोमियों 8:28)। इस प्रकार से जीवन जीने के लिए परमेश्वर और उसकी इच्छानुसार कार्यों पर भरोसा होना चाहिए। हमें भरोसा रखना चाहिए कि हमारे द्वारा उसकी इच्छा पूरी हो रही है।

उपसंहार। एस्तेर ने जो कुछ किया उस सभी को हमें अपने लिए अच्छा उदाहरण नहीं मान लेना चाहिए, परन्तु उसकी विश्वासयोग्यता, साहस, और बुद्धिमता के उदाहरण का हम अनुसरण कर सकते हैं और हमें करना भी चाहिए। उसके समान ही, हमें तैयार होना चाहिए कि परमेश्वर अपनी इच्छानुसार हमें अपने उद्देश्यों की पूर्ति के लिए उपयोग करे।

सबसे बढ़कर, हम में साहस होना चाहिए कि हम प्रभु के निमंत्रण का प्रत्युत्तर उसकी आज्ञाकारिता द्वारा दें। उद्धार पाने के लिए हमें अपने पापों का, और परमेश्वर के पुत्र यीशु मसीह में अपने विश्वास का अंगीकार करना चाहिए। हम पढ़ते हैं,

> कि यदि तू अपने मुंह से यीशु को प्रभु जानकर अंगीकार करे, और अपने मन से विश्वास करे कि परमेश्वर ने उसे मरे हुओं में से जिलाया, तो तू निश्चय उद्धार पाएगा। क्योंकि धामिर्कता के लिये मन से विश्वास किया जाता है, और उद्धार के लिये मुंह से अंगीकार किया जाता है (रोमियों 10:9, 10)।

हम में पश्चाताप करने और क्षमा किए गए पापों के लिए बपतिस्मा लेने का भी संकल्प होना चाहिए: "मन फिराओ, और तुम में से हर एक अपने अपने पापों की क्षमा के लिये यीशु मसीह के नाम से बपतिस्मा ले; तो तुम पवित्र आत्मा का दान पाओगे" (प्रेरितों 2:38)।

एक बार जब हम इन आज्ञाओं को समर्पित हो जाते हैं जिससे हमारे पाप धुल सकें (प्रेरितों 22:16), तो हमारे पास मसीह के साथ एक नए जीवन में चलने का अवसर होता है। पौलुस ने लिखा, "अतः उस मृत्यु का बपतिस्मा पाने से हम उसके

साथ गाड़े गए, ताकि जैसे मसीह पिता की महिमा के द्वारा मरे हुओं में से जिलाया गया, वैसे ही हम भी नए जीवन की सी चाल चलें” (रोमियों 6:4)। यदि हम इस जीवन में विश्वासयोग्यता के साथ चलेंगे, तो स्वर्ग में हमारे लिए जयवंत रहने वालों का मुकुट प्रतीक्षा करेगा (2 तीमु. 4:8; याकूब 1:12; 1 पतरस 5:4; प्रका. 2:10)।

फारस के राजा के प्रति मौर्दकै की निष्ठा (2:19-23)

यद्यपि एस्तेर की पुस्तक यह दिखाती है कि यहूदियों के शत्रु थे, वह यह प्रमाण भी प्रदान करती है कि अपने आप में वे लोग फारसी साम्राज्य के वैध शासकों के लिए कोई ख़तरा नहीं थे। जे. जी. मैकौन्विल्ले ने मौर्दकै द्वारा राजा का जीवन बचाने पर टिप्पणी की, इस सुझाव के साथ कि संभव है कि क्षयर्ष ने सोचा हो कि यहूदियों की अपने परमेश्वर के प्रति निष्ठा और उनकी व्यवस्था “उसके उद्देश्यों के साथ मेल नहीं खाते हैं।” किन्तु, एस्तेर का लेखक “बड़े यत्न के साथ यह दिखाता है कि निष्ठा अच्छे नागरिक होने के कर्तव्यों के साथ *टकराव में नहीं है*। राजा के हित में मौर्दकै के कार्य प्रमाणित करते हैं कि साम्राज्य में यहूदी होने का तात्पर्य विनाशक आकांक्षाएँ रखना नहीं है।”[22]

इसी प्रकार से, नए नियम के समय में, सरकारी अधिकारी मानते थे कि यीशु मसीह और उसके अनुयायी रोमी साम्राज्य के लिए खतरा हैं; परन्तु यीशु ने सावधानी से यह स्पष्ट किया कि उसका राज्य “इस संसार का नहीं है” (यूहन्ना 18:36) और इसलिए रोमी शासन को उससे कोई वास्तविक ख़तरा नहीं है। उन्होंने तो यह भी कहा कि मनुष्यों को “जो कैसर का है, वह कैसर को” (मत्ती 22:21) देना चाहिए। उनके शिष्यों ने, उनका अनुसरण करते हुए, यह सिखाया कि कलीसिया का कैसर के साम्राज्य के साथ कोई प्रतियोगिता करने का उद्देश्य नहीं है। उन्होंने यीशु के अनुयायियों को निर्देश दिए कि वे अधिकारियों के आज्ञाकारी हों और “राजा का सम्मान करें” (1 पतरस 2:17)।

आज मसीहियों को भी यही करना चाहिए। हम एक आत्मिक साम्राज्य के सदस्य हैं, और हम किसी भी सरकार के अधीन आनन्द के साथ रह सकते हैं। हम किसी राजा के लिए ख़तरा नहीं है; हम कानून का पालन करते हैं, जहाँ तक कि वह हमें परमेश्वर की आज्ञाओं का उल्लंघन करने के लिए नहीं कहता है (प्रेरितों 5:29)। यदि हम स्मरण रखें कि परमेश्वर के प्रति निष्ठा का अभिप्राय उस शासन के प्रति, हम जिसके अधीन रहते हैं, निष्ठा रखने में टकराव नहीं हैं, तो हम व्यक्तिगत रीति से और प्रभु की कलीसिया के रूप में अच्छे से रहेंगे।

समाप्ति नोट्स

[1]हेरोडोटस *हिस्ट्रीज* 9.108. हेरोडोटस एक यूनानी इतिहासकार था जो लगभग 484 से 425 ई.पू. जीवित रहा। जिसे “इतिहास का पिता” कहा जाता है, उसका काम मुख्य रूप से फारसी युद्धों पर केन्द्रित है। [2]देखें जोसेफस *एन्टीक्विटीज* 11.6.2; *एस्तेर रब्बाह* 5.2. [3]एफ. बी. ह्युई, जूनियर,

"एस्तेर," में *दि एक्सपोजिटर बाइबल कॉमेन्ट्री*, वॉल्यूम 4, *1 राजा-अय्यूब*, एड. फ्रैंक ई. गैबेलिन (ग्रैंड रैपिड्स, मिशिगन: ज़ोंडर्वन पब्लिशिंग हाउस, 1988), 804. एस्तेर की पुस्तक के लेखक ने वशती के अन्तिम परिणाम को प्रकट नहीं किया। एक यहूदी मिदराश कहता है कि उसे मार दिया गया था और उसका सिर राजा को एक थाल पर भेंट किया गया था। (*एस्तेर रब्बाह* 4.11.) परन्तु, इस विचार के लिये कोई ठोस प्रमाण मौजूद नहीं है। [4]"हाकिमों" और "टहलुओं" पुरुषों के दो अलग-अलग समूह हैं (देखें 1:3)। "टहलुए" दिन-रात राजा की सेवा किया करते थे (6:1, 3)। [5]1 राजा 1:1-4 में, इस तरह की खोज इस्राएल में राजा दाऊद के लिये उसकी बूढ़ी अवस्था में सेवा टहल के लिये एक सुन्दर कुँवारी युवती के लिये की गई थी। [6]जॉयस जी. बाल्डविन, "एस्तेर," इन *द न्यू बाइबल कॉमेन्ट्री: रिवाइज्ड*, एड. गुथरी एण्ड जे. ए. मोटियार (ग्रैंड रैपिड्स, मिशिगन: विलियम बी. एर्डमैंस पब्लिशिंग कम्पनी, 1970), 415. [7]उदाहरण के लिये, क्लेटोन विन्टर्स ने बताया कि प्राचीन काल में स्त्रियों को "सबसे बुरे लोगों के अधीन" किया जाता था और यह कि बहुविवाह की प्रथा, विशेष रूप से, "शारीरिक उपयोग और दुरुपयोग के लिये, जो सृष्टि के लिये परमेश्वर से ईनाम पाने को" बढ़ाता था" (क्लेटोन विन्टर्स, *कॉमेन्ट्री ऑन एज़्रा-नहेम्याह-एस्तेर* [अबिलीन, टेक्सास: क्वालिटी पब्लिकेशन, 1991], 167)। [8]यह भी सच है कि इस समय के दौरान रहने वाले अन्यजातियों का न्याय किया गया और दण्ड दिया गया (या किया जाएगा/ दी जाएगी) - मोज़ेक व्यवस्था या मसीह की व्यवस्था को तोड़ने के लिये नहीं, बल्कि उनके मन और विवेक पर लिखे गए नैतिक कानून को तोड़ने के लिये। [9]एक अन्य व्याख्या यह है कि "शेमई" और "कीश" उसके दादा और परदादा के बजाय मोर्दकै के "दूर, प्रसिद्ध पूर्वजों" के नाम थे। (कैरी ए. मूरे, *एस्तेर*, दि एंकर बाइबल, वॉल्यूम 7बी [न्यू यॉर्क: डबलडे & कं., 1971], 19.) देखें 1 शमूएल 9:1, 2; 2 शमूएल 16:5. [10]सी. एफ. केइल, *द बुक्स ऑफ एज़्रा, नहेम्याह और एस्तेर*, ट्रांस. सोफिया टेलर, बिब्लिकल कॉमेन्ट्री ऑन ओल्ड टेस्टामेंट (ग्रैंड रैपिड्स, मिशिगन: विलियम बी. एर्डमैंस पब्लिशिंग कम्पनी, तिथि अज्ञात), 336. यदि यह विचार सटीक है, तो अनुच्छेद उत्पत्ति 46:27 के समान होगा।

[11]रेईडर बी. ब्योर्नार्ड, "एस्तेर," में *द ब्रॉडमैन बाइबल कॉमेन्ट्री*, वॉल्यूम 4, *एस्तेर-भजन संहिता* (नैशविले: ब्रॉडमैन प्रेस, 1971), 8. [12]*मार्दुका* नाम के रूपों को कई प्राचीन दस्तावेजों पर खोजा गया है। (एडविन एम. यामूची, *परसिया एण्ड द बाइबल* [ग्रैंड रैपिड्स, मिशिगन: बेकर बुक हाउस, 1990], 235.) [13]"भविष्यद्वाणी के प्रतीकवाद में हिना या मेंहदी रेगिस्तान के उटकुटारों और काँटों की जगह ले लेता है, जो परमेश्वर की क्षमा और अपने लोगों को ग्रहण करने को दर्शाता है (यशा. 41:19; 55:13; *देखें* जकर्याह 1:8)। हिना या मेंहदी की शाखाओं को अभी भी झोपड़ियों के पर्व पर जुलूस में ले जाया जाता है और शान्ति और धन्यवाद को महत्व देते हैं" (जॉयस जी. बाल्डविन, *एस्तेर*, द टिंडेल ओल्ड टेस्टामेंट कॉमेन्ट्रीज [डाउनर्स ग्रोव, इलोनोइस: इंटर-वर्सिटी प्रेस, 1984], 66)। [14]2:15 में, एस्तेर को "अबीहेल की बेटी" कहा गया है। [15]ह्यूए, 808. [16]हेरोडोटस *हिस्ट्रीज* 3.67. [17]एलेक्ज़ेंडर कार्सन, *कॉन्फिडेंस इन गॉड इन टाइम्स ऑफ डेंजर - डिवाइन प्रोविडेंस: अ स्टडी ऑफ गॉड्'स प्रोविडेंस इन द बुक ऑफ एस्तेर* (पेंसाकोला, फ्ला: चैपल लाइब्रेरी, तिथि अज्ञात), 6. [18]माइकल वी. फॉक्स, *करैक्टर एण्ड आइडियोलॉजी इन द बुक ऑफ एस्तेर*, 2ड एड. (ग्रैंड रैपिड्स, मिशिगन: विलियम बी. एर्डमैंस पब्लिशिंग कम्पनी, 2001), 38. [19]1970 के दशक में शुशन के राजभवन में लगभग 260 फीट पूर्व में एक स्मारक गेट हाउस की खुदाई की गई थी। देखें यामूची में विवरण, 298-300. [20]ए. टी. ओल्मस्टेड, *हिस्ट्री ऑफ द परसियन एम्पायर* (शिकागो: यूनिवर्सिटी ऑफ शिकागो प्रेस, 1948), 289.

[21]इसी तरह, हेरोडोटस ने बताया कि फारसी युद्धों के दौरान, क्षयर्ष ने अपने शास्त्री को निर्देश दिया था कि वे उन लोगों के नाम दर्ज करें जिन्होंने महान साहसिक कार्य किए थे। (हेरोडोटस *हिस्ट्रीज* 8.90.) देखें 6:3 पर टिप्पणियाँ। [22]जे. जी. मैकौन्विल्ले, *एज़्रा, नहेम्याह, एण्ड एस्तेर*, द डेली स्टडी बाइबल सीरीज़ (फिलेडेल्फिया: वेस्टमिनिस्टर प्रैस, 1985), 163-64.